







# जिला खनिज मद की बैठक में प्रस्तावित कार्य योजना को दी गई मंजूरी

## प्रस्तावित कार्यों की सूची अनुमोदित, निर्माण कार्यों में देरी का मुद्दा उठाया सदस्यों ने



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, कलेक्ट्रेट में जिला खनिज मद की बैठक सम्पन्न हुई. जिसमें प्रस्तावित कार्य योजना को मंजूरी दी गई. साथ ही सदस्यों द्वारा कई अहम सुझाव भी दिये गये.**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत कार्यों को निर्माण एजेंसी तय समय सीमा में पूरा कराए. निर्माण कार्यों के संबंध में समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप कार्य स्वीकृत किए जाएंगे. शासन द्वारा जारी नवीन निर्देशों के अनुसार जिला खनिज मद से सभी कार्य अब जिला स्तर से ही स्वीकृत किए जाएंगे. इस मद से उत्खनन से प्रभावित गांवों में कार्यों के लिए 70 प्रतिशत राशि तथा शेष अन्य क्षेत्र में 30 प्रतिशत राशि व्यय की जाएगी. वर्ष 2024-25 तथा वर्ष 2026-27 की कार्य योजना सभी सदस्यों को उपलब्ध करा दी गई है. वर्ष 2024-25 के कार्यों के संबंध में संशोधन शामिल करते हुए आगामी कार्य योजना बनाई जा रही है. बैठक में वर्ष 2025-26 के कार्यों को मंजूरी दी गई. बैठक में 2026-27 के प्रस्तावित कार्यों की सूची का अनुमोदन किया गया. उपलब्ध राशि के अनुसार प्राथमिकता से कार्य स्वीकृत किए जाएंगे. बैठक में दूरभाष के माध्यम से सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि स्कूल भवनों में सुधार तथा हायर सेकण्डरी एवं हाईस्कूल भवनों में शौचालय निर्माण के कार्य को प्राथमिकता दें. शौचालय न होने से विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं को कठिनाई होती है. भावी पीढ़ी को अच्छी शिक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है. बैठक में विधायक सेमरिया अभय मिश्रा ने कहा कि सदस्यों की सूची के अनुसार कार्य योजना में निर्माण कार्य शामिल करें. स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र को प्राथमिकता दें. जर्जर स्कूल भवन, भवन विहीन आंगनवाड़ी केन्द्र तथा उचित मूल्य दुकानों के निर्माण कार्य कार्य योजना में शामिल करें. विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह तथा विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कराने तथा स्कूल भवनों में सुधार कार्य एवं स्कूलों में शौचालय निर्माण कार्य शामिल करने का सुझाव दिया. बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल तथा विधायक प्रतिनिधि रीवा राजेश पाण्डेय ने जनहित के मुद्दे रखे. बैठक में सड़क निर्माण, बसामन मामा गौ अभ्यारण्य के पास एनिकट के निर्माण में देरी के मुद्दे उठाए गए. बैठक में चर्चा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा बैठक में रखी गई मांगों के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तत्काल कार्यवाही करें.

### अधूरे कार्य को पूरा करने निधि से राशि देने का सुझाव

बैठक में मनरेगा के कन्वर्जेंस से खनिज मद के अधूरे कार्यों को पूरा कराने के लिए ग्राम पंचायतों की निधि तथा विधायक एवं सांसद निधि से राशि देने का सुझाव दिया गया. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि बैठक में अनुमोदित सभी कार्य ऑनलाइन दर्ज किए जाते हैं. इन कार्यों को यदि एक माह तक स्वीकृति जारी नहीं होती है तो उन्हें स्वीकृत मानकर प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जाएगी. शासन के नए प्रावधानों के अनुसार खनिज मद से अनुमानित राशि से 10 प्रतिशत अधिक यानी कुल 110 प्रतिशत राशि के ही कार्य कार्ययोजना में प्रस्तावित होंगे.



# बिना परमिट चल रही तीन स्कूल बसें मऊगंज में जब्त

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, रीवा परिवहन विभाग ने गुरुवार को मऊगंज जिले के देवतालाब स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर की एक बस सहित अन्य स्कूल की 2 बसों को बिना परमिट संचालित पाए जाने पर जप्त कर लिया.**

यह कार्रवाई मउगंज कलेक्टर के आदेशानुसार आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा की गई. कलेक्टर मऊगंज को स्थानीय लोगो से यह शिकायत मिली थी कि सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल की कुछ बसें बिना वैध परमिट और कागजात के बच्चों को लाने-ले जाने का काम कर रही हैं. शिकायत को आरटीओ रीवा ने गंभीरता से लेते हुए परिवहन सुरक्षा स्क्वाड की टीम को देवतालाब भेजा. जहा परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने पहुंचकर औचक चेकिंग की. जांच के दौरान स्कूल की 3 बसें बिना परमिट, और बिना दस्तावेजों के मिलीं.

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीनो बसों को तत्काल जप्त कर लिया गया,एक बस को थाना लौर और अन्य बसों पर समन शुल्क काटकर मौके पर ही जुर्माना जमा कराकर उन्हें मुक्त किया गया. आरटीओ रीवा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा. बिना परमिट और फिटनेस के स्कूल बस चलाना मोटरयान अधिनियम एवं यातायात के नियमों का सीधा उल्लंघन है. ऐसे स्कूलों और वाहन मालिकों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधन से अपील की कि वे अपने वाहनों के कागजात दुरुस्त रखें और मानकों का पालन करें.

# स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह एसएएफ ग्राउण्ड रीवा में

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को पूरे जिले में अभूतपूर्व उत्साह, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के माहौल के साथ मनाया जाएगा.**

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिला मुख्यालय, विकासखंडों और ग्रामीण अंचलों में भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा. जिला स्तरीय मुख्य समारोह एसएएफ ग्राउंड में होगा. सुबह 9 बजे से ध्वजारोहण का कार्यक्रम शुरू होगा. समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे. इसके बाद सुबह 9:25 से 9:55 बजे के बीच मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन के माध्यम से देखा और सुना जाएगा. प्रसारण के तुरंत बाद मुख्य अतिथि द्वारा पाँच मिनट का संक्षिप्त लिखित बधाई संदेश भी वाचन किया जाएगा. कलेक्टर ने बताया कि जनपद पंचायतों में जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा. जिन नगर परिषदों के मुख्यालय ब्लाक मुख्यालय पर नहीं हैं वहाँ नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा. ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा. सभी शासकीय कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में सुबह 8 बजे से पूर्व ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. स्कूलों और कॉलेजों में मौसम के अनुकूल सुबह प्रभात फेरियों का आयोजन होगा. साथ ही देशभक्ति के कार्यक्रम होंगे.

# कांग्रेस भवन में होगा ध्वजारोहण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर रीवा के संयुक्त तत्वाधान मे स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर घोघर स्थित कांग्रेस भवन मे ध्वजारोहण का कार्यक्रम 15 अगस्त को प्रात: 08:30 बजे सम्पन्न होगा.**

ध्वजारोहण जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा द्वारा किया जायेगा. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिला, ब्लॉक एवं मण्डलम कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, नगर निगम के वर्तमान व पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों से पहुंचने की अपील की है.

## संक्षिप्त

### जन विश्वास अभियान का दूसरा शिविर आज

**रीवा,** आम जनता के आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण करने तथा शासन की योजनाओं की मानीटरिंग के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत रीवा जिले का दूसरा शिविर 14 अगस्त को विकासखण्ड मुख्यालय रायपुर कर्चुलियान में आयोजित किया जा रहा है. इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि शासन की उच्च प्राथमिकता का मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 7 अगस्त से शुरू हो गया है. दूसरा शिविर रायपुर कर्चुलियान में आयोजित किया जा रहा है. इसमें चोरगड़ी, रामनई, भलुहा, ऐतला, बरहदी, बुड़वा, बरेही, रायपुर कर्चुलियान, खीरा, पटना, पहड़िया तथा बक्छेरा ग्राम पंचायतें शामिल होंगी. इन ग्राम पंचायतों के सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी योजना में दर्ज आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा. कलेक्टर ने बताया कि जिला और खण्ड स्तर के सभी अधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें. कलेक्टर ने कहा है कि अधिकारी शिविर में शामिल होने के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों, छात्रावास, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान आदि का निरीक्षण भी करेंगे. शिविर का आयोजन सादगीपूर्ण रूप से करें. एसडीएम मनगवां तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान शिविर के लिए आवश्यक प्रबंध करें.

### उप मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 14 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री सुबह 9 बजे हिनौती गौधाम में आयोजित प्राकृतिक खेती पर आधारित किसान संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे. उप मुख्यमंत्री सुबह 10.30 बजे हिनौती गौधाम से प्रस्थान कर 11.30 बजे रीवा पहुंचेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर 12.30 बजे से नवीन न्यायालय भवन में आयोजित जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे.

### उप मुख्यमंत्री बच्चों के साथ करेंगे विशेष मध्यान्ह भोज

**रीवा,** रीवा जिले में स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोज का आयोजन किया जा रहा है. स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शासकीय स्कूल सिलपरा के विद्यार्थियों के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे.

### कलेक्टर कलेक्ट्रेट में करेंगे ध्वजारोहण

**रीवा,** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी सुबह 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे. इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

### शासकीय भवनों में की जाएगी रोशनी

**रीवा,** स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को पूरे जिले में अभूतपूर्व उत्साह, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के माहौल के साथ मनाया जाएगा. मुख्य कार्यक्रम एसएएफ ग्राउण्ड रीवा में सुबह 9 बजे से शुरू होगा. आजादी के पर्व पर 14 और 15 अगस्त की रात सभी प्रमुख कार्यालयों, ऐतिहासिक, प्रशासनिक और राष्ट्रीय महत्व के भवनों में बहुरंगी रोशनी की जाएगी. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या से ही यह भवन बहुरंगी रोशनी से जगमगाएंगे. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी कार्यालय प्रमुखों को शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं.

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का होगा सम्मान

**रीवा,** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है. समारोह के मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे. समारोह में मुख्य अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करेंगे. वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के घर जाकर उन्हें शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं.


# हर घर तिरंगा अभियान में तिरंगा साइकिल रैली आज

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले भर में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.**

नगर निगम रीवा क्षेत्र में 14 अगस्त को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से विशाल तिरंगा रैली का शुभारंभ होगा. रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह तथा आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत सुबह 8 बजे रैली का शुभारंभ करेंगे. इस संबंध में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि कमिश्नर श्री सिंह तथा आईजी श्री राजपूत शामिल में रहेंगे. साइकिल रैली स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से शुरू होकर मॉडल स्कूल होते हुए सिरमौर चौराहा, अमहिया, अस्पताल चौराहा, प्रकाश चौराहा, शिल्पी प्लाजा, मानस भवन होते हुए कालेज चौराहा विवेकानंद पार्क में समाप्त होगी. रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी, पुलिस अधिकारी, वन विभाग तथा नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहेंगे. रैली में एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थी, खिलाड़ी शामिल होगे.

# कमिश्नर ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया. कमिश्नर ने ओपीडी, कॉर्डियालॉजी विभाग, न्यूरो विभाग, कैथलैब तथा दवा स्टोर का निरीक्षण किया.**



कमिश्नर ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जटिल रोगों के सफल उपचार का केन्द्र बन गया है. अस्पताल में उपचार व्यवस्था बेहतर रखें. रोगियों के साथ केवल एक या दो व्यक्तियों को ही प्रवेश दें. वार्डों में किसी भी तरह की भीड़ नहीं रहे.

अस्पताल की नियमित साफ-सफाई कराएं. रोगियों से परिजनों के मिलने का समय निर्धारित कर दें. अस्पताल के विस्तार के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य को समय पर पूरा कराएं. नए भवन में आवश्यक उपकरणों, बेड तथा अन्य संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें. मरीजों की जाँच तथा उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी. कमिश्नर ने अस्पताल की सुरक्षा में तैनात कर्मियों तथा सफाई कर्मियों की एजेंसी को भी निर्देश दिए. निरीक्षण के समय उपस्थित अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने अस्पताल की उपचार व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी. निरीक्षण के समय डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक संजय गांधी हास्पिटल डॉ. राहुल मिश्रा मौजूद रहे.

# महापौर के समक्ष महिलाओं एवं युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, कांग्रेस की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर आज रीवा शहर की महिलाओं एवं युवाओं ने महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.**




इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा ने सभी नवसदस्यों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया. सदस्यता ग्रहण करने वालों में शांति सोनी, अनीता तिवारी, अंजली सिंह, नीलू सोनी, रीता सोनी, वंदना विश्वकर्मा, आशीष मिश्रा, नवीन तिवारी, किशन सोनी, प्रकाश तिवारी, निक्की सोनी, निशान सोनी एवं अमर तिवारी शामिल रहे. इस दौरान एमआईसी सदस्य रवि तिवारी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अनूप चंदेल, नवीन सिंह, निशांत सिंह, रवि सुमित सिंह सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. महापौर ने कहा कि महिलाओं एवं युवाओं का कांग्रेस से जुड़ना संगठन के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है. सभी नवसदस्यों के सहयोग से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा.

# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम 15 को

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के मार्गदर्शन में शहर के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 15 अगस्त आजादी के पर्व पर 'तिरंगा महोत्सव एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन शाम 7 बजे से किया गया है.**

उक्त कार्यक्रम में युवा कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों में सांस्कृतिक आयोजन कर भारत माता के वीर सपूतों को नमन किया जाएगा. उक्त गरिमामयी कार्यक्रम में शहर के सभी जनों से परिवार सहित उपस्थिति की अपील धर्म परिवार के संरक्षक सुनील अग्रवाल महासचिव सुरेश बिश्नोई उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रवीर दुबे कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश तोमर सांस्कृतिक सचिव राजमणि तिवारी भोला महिला शाखा अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने की है.

# पूर्व एसडीओपी की पत्नी का दु:खद निधन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, पूर्व एसडीओपी संतोष कुमार निगम की धर्मपत्नी श्रीमती मंजुला निगम 60 वर्ष का रविवार को नागपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया. वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं.**



उनके निधन के बाद पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया. श्रीमती मंजुला निगम के निधन की खबर मिलते ही नगर एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया. श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक विक्रम सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह पप्पू, विद्याधर तिवारी, पूर्व एसडीओपी हेमंत शर्मा, आशुतोष पांडेय, प्रकाश चंद निगम, रामपाल सिंह, अनिल निगम, मनोज निगम, निरीक्षक यू.पी. सिंह, सुनील सिंह, शिव मोहन सिंह, कमलेश कचेर, संजय पाण्डेय शामिल है.

# हर घर तिरंगा अभियान में पोस्ट आफिस ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुष्पेन्द्र सिंह डाक अधीक्षक रीवा संभाग के नेतृत्व में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत प्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया.**



तिरंगा यात्रा मुख्य डाकघर सिरमौर से निकाली गई. जिसमें डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया. इस अवसर पर डाक अधीक्षक ने कहा कि एकता ही हमारी पहचान है और तिरंगा हमारी आन बान और शान है. यह केवल एक ध्वज नहीं बल्कि हमारे गौरव त्याग संघर्ष और राष्ट्र की एकता का प्रतीक है. डाक अधीक्षक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण कराता है जिनके संघर्ष से हमें स्वतंत्र भारत में रहने का गौरव प्राप्त हुआ. डाक अधीक्षक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से देश की एकता अखंडता और आपसी भाईचारें को मजबूत करने तथा अपने कर्व्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आव्हान किया.

तिरंगा यात्रा में आर.पी. शर्मा सहायक अधीक्षक डाकघर रीवा संभाग, डॉ. लालजी गौतम पोस्टमास्टर प्रधान डाकघर रीवा सहित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे.

# लौर में ग्रामीणों ने पकड़ी अवैध शराब की खेप

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, मऊगंज जिले में गांव-गांव शराब की खेप पहुंचा कर अवैध बिक्री का भंडाफोड़ खुद ग्रामीणों ने किया है.**

दरअसल शराब कंपनी द्वारा गांव में अवैध बिक्री के लिए भेजी गई शराब की खेप को आक्रोशित ग्रामीणों ने पकड़ लिया. यहां शराब ठेकेदार के गुर्गे जैसे ही शराब की खेप लेकर गांव पहुंचे तभी ग्रामीणों ने सड़क के बीच ट्रैक्टर लगाकर उन्हें रास्ते में रोक लिया और पेटियों में भरी शराब सड़क पर बिखरा दी. मामला मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र ग्राम दिगवार का है, जहां शराब की खेप लेकर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर रोक लिया. आरोप है कि पकड़ी गई शराब की यह खेप देवतालाब समूह का ठेका संचालित करने वाली शराब कंपनी की है. फिलहाल ग्रामीणों ने शराब की खेप पकड़ने के बाद सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस वैधानिक कार्रवाई करेगी. वही घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है, जिसमे ग्रामीण शराब कम्पनी के खिलाफ आक्रोशित नजर आ रहे है. वीडियो मे दावा किया जा रहा है की शराब कम्पनी के इशारे मे एक दिन पूर्व ही गाव के एक घर मे छापा मारा गया था, जहा से उनके हाथ शराब की एक शीशी भी नहीं लगी थी लेकिन ग्रामीणों मे इस बात को लेकर गुस्सा था, जिसका नतीजा है की ग्रामीणों ने शराब कम्पनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और पैकारी कर पहुचाई जा रही खेप को पकड़ा.

# दिव्यांगों को प्रदान किये गये नि:शुल्क कृत्रिम उपकरण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 13 अगस्त, रेडक्रॉस सोसाइटी रीवा द्वारा संचालित जिला निशक्त पुनर्वास केंद्र द्वारा न्यायप्रिय शासिका अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि में सात दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए.**

रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी तथा सचिव राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने दिव्यांगों को उपकरणों का वितरण किया. मनीष यादव निवासी पोखरा गुढ़ को कृत्रिम पैर तथा राहुल बहेलिया ग्राम टीकर को बाएं पैर में पीटीवी ब्रेस एवं दाहिने पैर में केएफओ लगाया गया. राजबहोर निवासी बैजनाथ भोलगढ़ को कृत्रिम पैर एवं एल्बो क्रश तथा रघुवंशी सोनी विवेकानंद नगर को बोथ लेवल एएफओ दिया गया.